20

कलीसिया:

इसका अनुशासन

शुरू में

1. ज़्या असंगठित कलीसिया में अनुशासन सफलतापूर्वक लागू हो सकता है? ज़्यों नहीं हो सकता?
2. एक सुसंगठित कलीसिया बनने के लिए ज़्या होना आवश्यक है?
3. प्रभु कलीसिया के लिए ज़्यों मरा (इफिसियों 5:25-27)?
4. कलीसिया का मसीह से ज़्या सज़्बन्ध है (रोमियों 7:4; 2 कुरिन्थियों 11:2)?
   क. यदि दुल्हन निर्लज्ज और बेवफा हो जाए तो ज़्या होता है?
   ख. यदि कलीसिया संसार के साथ वेश्यावृज़ि करे तो ज़्या होगा?
5. यदि अनुशासन का पालन नहीं किया जाता है, तो प्रभु ज़्या करेगा (प्रकाशितवाज़्य 2:5; 3:16)?
6. दुष्ट सदस्य पूरी कलीसिया को कैसे प्रभावित करते हैं (1 कुरिन्थियों 5:6)?

कलीसिया को शुद्ध कैसे रखा जा सकता है

1. सब मसीही लोगों को मसीह को ज़्या मानना चाहिए (इब्रानियों 2:17, 18)?
2. निर्बल व्यज़्ति की निर्बलताओं में मसीह ज़्या करता है? उसके निकट सबको कैसे चलना चाहिए (इब्रानियों 4:15, 16)?
3. मसीही लोग पाप करें तो ज़्या होता है? इससे कैसे बचा जा सकता है (1 यूहन्ना 2:1, 2)?
4. सबको ज़्या करने के लिए सिखाते रहना चाहिए (1 यूहन्ना 1:9)?
5. कलीसिया को ज़्या चेतावनी मिलती रहनी चाहिए (इब्रानियों 3:12, 13)?
6. पौलुस द्वारा दी गई तिहरी शिक्षा बताएं (इब्रानियों 10:24, 25)।
7. दो बातें बताएं जो सबके जीवन में होनी आवश्यक हैं (यूहन्ना 5:16)।
8. प्रारज़्भिक कलीसिया ज़्या करती थी (प्रेरितों 2:42)?
9. कलीसिया को शुद्ध रखने के लिए, अगुओं के लिए ज़्या करना आवश्यक है (1 थिस्सलुनीकियों 5:14, 15)?

अधर्म कैसे आता है

1. **पाप की तीन परिभाषाएं बताएं (याकूब 4:17; 1 यूहन्ना 3:4; 5:17)।**
2. **अधर्म को कैसे दूर किया जाएगा (1 यूहन्ना 1:9)**
3. **गड़बड़ी करने वाले का चरित्र कैसा होता है (नीतिवचन 29:1)। अधर्मी व्यक्ति का प्रभु द्वारा दिया उदाहरण बताएं (लूका 12:45, 46)।**

अधर्मी को कब अनुशासन में लाना चाहिए

1. **सबसे पहले क्या करना चाहिए (1 यूहन्ना 5:16)।**
2. **याकूब ने विश्वासी लोगों को क्या करने के लिए समझाया (याकूब 5:19, 20)?**
3. **विश्वास में दृढ़ लोगों को पाप में फंसे लोगों की सहायता कैसे करनी चाहिए (गलतियों 6:1)?**
4. **ऐसे लोगों को बचाने के लिए ऐल्डरों को क्या करना चाहिए (1 थिस्सलुनीकियों 5:14)?**
5. **विद्रोह करने वाले को बचाने के लिए कहां तक कोशिश करनी चाहिए (मत्ती 18:15-19)?**
   क. क्या यह ढंग निजी शिकायतों तक सीमित हो जाता है ?
   ख. क्या यह ढंग हर प्रकार के अनुशासन में लागू नहीं होना चाहिए ?
6. **इन सभी प्रयासों के असफल हो जाने पर क्या करना चाहिए (2 थिस्सलुनीकियों 3:6)?**
7. **निकट सम्बन्धी के साथ कुकर्म करने वाले के साथ कैसा बर्ताव करने के लिए कहा गया था (1 कुरिन्थियों 5:3-5, 13)?**
   क्या इस अनुशासन में पूरी कलीसिया को भाग लेना चाहिए ?

अनुशासन आवश्यक क्यों है

1. **एक पापी व्यक्ति सारी कलीसिया को कैसे प्रभावित करेगा (1 कुरिन्थियों 5:6)?**
2. **आकान के पाप का असर इस्राएल की सेना पर क्या हुआ था (यहोशू 7:1, 5, 8)?**
   परमेश्वर ने इस्राएल के साथ कब रहने की प्रतिज्ञा की (यहोशू 7:13) ?
3. **बहुत सी कलीसियाओं ने भलाई के लिए अपना प्रभाव क्यों त्याग दिया है?**
4. **क्या अनुशासन न होने पर अगुवे परमेश्वर के प्रति विश्वासयोग्य रह सकते हैं (2 थिस्सलुनीकियों 3:6)?**
   क. ऐसे व्यक्ति के बारे में क्या कहना चाहिए जो बहस करता है कि अनुशासन नहीं होना चाहिए ?
   ख. क्या उसका प्रमाण, मत्ती 13:27-30, 37, उसकी बात का समर्थन करता है (2 थिस्सलुनीकियों 3:6, 14) ?

5. यरूशलेम की कलीसिया में अनुशासन से क्या हुआ (प्रेरितों 5:11, 14)?
6. मेल जोल छोड़ देने का अंतिम उद्देश्य क्या है (1 कुरिन्थियों 5:4, 5)?

दण्डित व्यक्ति से कैसा व्यवहार किया जाना चाहिए

1. क्या ऐसे व्यक्ति के साथ सामाजिक सम्बन्ध रखने चाहिए (1 कुरिन्थियों 5:11; 2 थिस्सलुनीकियों 3:14)?
2. ऐसे व्यक्ति को समझाना चाहिए (2 थिस्सलुनीकियों 3:15)?
3. यूहन्ना ने क्या समझाया है (1 यूहन्ना 5:16)?